तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 23 अप्रैल 2025

13 पोषक तत्वों, उचित खानपान व बच्चों की देखभाल के …



14 भीषण गर्मी में बिजली बनी मुसीबत, मैनपुर में …





मो. 87700-12645, 94076-26176
आपकी अपनी विश्वसनीय दुकान
नगद खरीदें - सस्ता खरीदें
यूनिक इलेक्ट्रॉनिक्स & फर्नीचर
एल ई डी टी.वी. फ्रिज वाशिंग मशीन कूलर पंखा दीवान (पलंग) अलमारी ड्रेसिंग डायनिंग टेबल सोफा सेट
हीरो शोरूम के सामने, चम्पारण चौक, नवापारा (राजिम)
क्वालिटी में कोई समझौता नहीं
सभी सामान एक छत के नीचे
एक ही छत के नीचे इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर सामान थोक रेट में उपलब्ध
दाम भी बजट के अनुरूप
घर पहुंच सेवा
T&C*

छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2025
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि
25/04/2025
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

## राहत : प्राप्त आवेदनों का अवलोकन कर समाधान की प्रक्रिया शुरु

# सुशासन तिहार में 1629 आवेदन मिले, भूमिहीन पट्टा, लैपटॉप से लेकर तीर्थ योजना तक शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय सरकार द्वारा राज्य में सुशासन स्थापित करने के उद्देश्य से आयोजित सुशासन तिहार-2025 में राजिम नगर पंचायत को विभिन्न विभागों के कुल 1629 आवेदन मिला। बता दें कि नगर पंचायत राजिम द्वारा 8 से 11 अप्रैल तक शहर के विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं से रूबरू होने, मांग एवं शिकायत के आवेदन लिए गए। राजिम नगर पंचायत द्वारा सभी विभागों के ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आवेदन स्वीकार किए गए। 11 अप्रैल के बाद आगामी 1 माह में प्राप्त आवेदन का समाधान किया जाना है। राजिम नगर पंचायत द्वारा विभिन्न विभागों के प्राप्त आवेदनों की वार्डवार छटनी का काम पूरा कर विभिन्न विभागों को आवेदन सौप दिए गए है। अब विभागों द्वारा प्राप्त आवेदन का अवलोकन कर समाधान की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। राजिम नगर पंचायत द्वारा आयोजित शिविर में सबसे अधिक राजस्व विभाग के कुल 1098 आवेदन, महिला एवं बाल विकास विभाग के 46, विद्युत विभाग के 20, खाद्य विभाग के 35, पुलिस विभाग के 2, समाज कल्याण विभाग के 1, श्रम विभाग के 3, आबकारी विभाग के 1, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 1, ई ड्रिरिक्ट मैनेजर के 1 एवं नगरीय निकाय के 332 आवेदन प्राप्त हुए है।



### वार्ड क्रमांक 1 में राजस्व विभाग के 257 आवेदन मिले

परिवहन, लोक निर्माण एवं सामान्य प्रशासन विभाग के एक भी आवेदन प्राप्त नहीं हुए। राजिम नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1 में सबसे अधिक 307 आवेदन प्राप्त हुए। वार्ड क्रमांक 1 में राजस्व विभाग के 257 आवेदन प्राप्त हुए है। वही वार्ड क्रमांक 11 में सबसे कम 27 आवेदन प्राप्त हुए है। राजिम नगर पंचायत से प्राप्त जानकारी के अनुसार भूमिहीन राशि प्रदान करने, पट्टा, लैपटॉप, बोर खनन, श्रम कार्ड, राशन कार्ड, उज्जवला योजना, महतारी वंदन योजना, तीर्थ योजना, पुलिस जांच एवं शराब बेचने संबंधी विषयों पर आवेदन मिला जिसमें कुल 1629 में 1598 मांग एवं 31 शिकायत का आवेदन शामिल है।

### *प्रत्येक आवेदन का गंभीरता से अवलोकन एवं समाधान : महेश*



*नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय सरकार सुशासन की सरकार है। लोगों की समस्याओं से रूबरू होकर उसके समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार लोगों से संवाद एवं समाधान का माध्यम है। राजिम नगर पंचायत से संबंधित सभी आवेदनों का अवलोकन किया जा रहा है। प्राप्त आवेदन का आगामी एक माह में निराकरण किया जाएगा। श्री यादव ने बताया कि शिविर के माध्यम से मांग एवं शिकायत दो तरह के आवेदन प्राप्त हुए है। दोनों तरह के प्राप्त आवेदन को गंभीरता से समाधान करने का प्रयास जारी है। राजिम नगर पंचायत के विकास एवं लोगो को सुविधा प्रदान करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।*

## सुशासन तिहार के दौरान प्रराप्त आवेदनों का गंभीरता से करें निराकरण : कलेक्टर



**गरियाबंद।** कलेक्टर बीएस उइके ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा की। साथ ही विभागीय कार्यो में प्रगति लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री उइके ने सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्राप्त आवेदनों की शत प्रतिशत ऑनलाईन एन्ट्री त्रुटि रहित करें। साथ ही प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों को ऑनलाईन प्रेषित कर मूल आवेदन को भी प्रेषित किया जाये। जिससे संबंधित विभाग प्राप्त आवेदनों का समय - सीमा में निराकरण सुनिश्चित कर सके। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी स्तर पर आवेदन पेंडिंग न रहे, इसके लिए संबंधित एसडीएम और जनपद पंचायत सीईओ नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें। आवेदनों को समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निराकरण विभागों द्वारा किया जायेगा। कलेक्टर श्री उइके ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण में किसी भी अधिकारी - कर्मचारियों द्वारा लापरवाही न बरती जाये।

**प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्वक निराकरण करें-** कलेक्टर श्री उइके ने समय -सीमा की समीक्षा बैठक में राजस्व पखवाड़ा अंतर्गत गांवों में आयोजित किये जा रहे राजस्व शिविर की भी जानकारी ली। उन्होंने शिविर में प्राप्त आवेदनों को भी राजस्व अधिकारी गुणवत्तापूर्वक निराकरण करें। उन्होंने कहा कि राजस्व मामले में लोगों की समस्याओं का निराकरण करने में गंभीरता लाएं। जिससे कि लोग अधिक से अधिक लाभान्वित हो सके। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन कर्मचारियों का सेवानिवृत्त होने वाले हैं, उनके पेंशन प्रकरणों को निराकरण करें। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर श्री अरविंद पाण्डेय, श्री प्रकाश राजपूत, श्री नवीन भगत सहित एसडीएम, जनपद सीईओ एवं जिला अधिकारीगण मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### इंदागांव में मड़ई मेला आज

**मैनपुर।** मैनपुर तहसील मुख्यालय से 40 किमी दूर ग्राम इंदागांव मे प्रतिवर्ष की भांति 23 अप्रैल को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है एक दिन पूर्व आज मंगलवार को देवी देवताओं की विशेष पूजा अर्चना स्वागत कर मड़ई मेला का शुभारंभ किया गया है इस दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमो का आयोजन भी किया गया है।

### कमारपारा में पेयजल समस्या

**मैनपुर।** ग्राम पंचायत तौरेंगा के आश्रित ग्राम जुंगाड़ पुरानी बस्ती कमारपारा मे पीने के पानी के लिए गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है एक हैण्डपंप है जल स्तर काफी नीचे चला गया है जिसके कारण पानी नही निकल पा रहा है ग्रामीण माधुरी बाई, बुधियारिन बाई राधेलाल ने मोहल्ले मे एक और हैंण्डपंप खनन की मांग किए है।

### झरियाबांहरा में प्याऊ घर खोलने की मांग

**मैनपुर।** मैनपुर से 8 किमी दूर झरियाबांहरा बस स्टैण्ड मे प्याऊ घर नहीं होने के कारण राहगीरो को पेयजल के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां से धमतरी, नगरी सिहावा के तरफ भी यात्री अवागमन करते है और देवभोग गरियाबंद रायपुर मुख्य मार्ग मे आवागमन करते है बड़ी संख्या में यात्री झरियाबाहरा बस स्टैण्ड में खड़ा होकर वाहनों का इंतजार करते हैं इस बीच प्याउ की व्यवस्था नहीं होने से परेशान हो उठते है। लोगों ने यहां प्याऊ घर खोलने की मांग किया है।
बाक्स

### 2 लोगों ने फांसी लगाकर दी जान

**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र के ग्राम जाड़ापदर एवं ग्राम ठेमली मे पिछले दो दिनों के भीतर दो लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जाड़ापदर गेदराबाहरा खार में 23 साल का एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। वहीं ग्राम ठेमली में एक बुजुर्ग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। दोनों मृतकों के शव का पोस्टमार्डम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### सुपरवाइजर की बाइक चोरी

**महासमुंद।** मोबाइल कंपनी का पाइप डालने आए सुपरवाइजर की बाइक चोरी हो गई। पुलिस को सुधीर राम निवासीग्राम जतपुरा थाना किशुनपुरा जिला गढवा (झारखंड) ने बताया कि वह शारदा इक्यूपमेंट्स कंपनी रायपुर में सुपरवाइजर है और एयरटेल कंपनी का पाइप डालने के लिए बागबाहरा आया है। तीन-चार माह से बागबाहरा में पाइप डालने का काम चल रहा है।

## आत्महत्या की घटनाओं से सहमा इंदागांव समाधान के लिए रायपुर के विशेषज्ञ जुटे



**गरियाबंद/ मैनपुर।** जिले के इंदागांव गांव में आत्महत्या के बढ़ते मामलों ने प्रशासन और ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। बीते एक महीने में महज 20 दिन के भीतर 16 लोगों ने आत्महत्या का प्रयास किया, जिनमें से 3 की मौत हो चुकी है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए रायपुर से विशेषज्ञों की एक टीम इंदागांव पहुंची है। छह सदस्यीय इस टीम में मनोरोग चिकित्सक, सामाजिक विशेषज्ञ और महामारी विभाग के डॉक्टर शामिल हैं। जांच दल का नेतृत्व डॉक्टर संदीप अग्रवाल कर रहे हैं, जबकि विशेषज्ञ राजेंद्र बीनकर भी टीम का हिस्सा हैं। टीम ने गांव में करीब पांच घंटे बिताए और प्रभावित परिवारों से बातचीत कर आत्महत्या के पीछे के कारणों का गहराई से अध्ययन किया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि नशे की लत, घरेलू कलह और बेरोजगारी के कारण ग्रामीण मानसिक अवसाद का शिकार हो रहे हैं। जांच में यह भी पाया गया कि गांव में कच्ची शराब बनाने के दौरान मादकता बढ़ाने के लिए यूरिया, तंबाकू के पत्ते और धतूरे का उपयोग किया जा रहा था, जिससे मानसिक संतुलन पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है।

स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने के लिए महिला वाहिनी का गठन किया है। यह वाहिनी क्षेत्र में निगरानी करेगी और अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए काम करेगी। विशेषज्ञों की टीम अपनी विस्तृत जांच रिपोर्ट तैयार कर शासन को सौंपेगी, ताकि भविष्य में इस दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा सकें।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं



**गरियाबंद।** कलेक्टर बीएस उइके ने मंगलवार को जनदर्शन में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से आए लोगों की मांग, समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। कलेक्टर श्री उइके ने जनदर्शन में 39 लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम कुम्हरमरा के समस्त ग्रामवासियों ने डीहीपारा में नया ट्रांसफार्मर लगाने, ग्राम भेण्ड्री की वैष्णवी ने महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने, ग्राम रजकट्ठी के रुखमन साहू ने कृषि भूमि पर बोर खनन एवं पारागांव के ग्रामवासियों ने बोर खनन कराने, ग्राम तरीघाट के ओकेश मारकण्डे ने आर्थिक सहायता के लिए, ग्राम कोदोपाली के ग्रामीणों ने सामुदायिक भवन निर्माण, ग्राम पण्डरीतरई के लोगों ने 11 हजार केव्ही विद्युत तार को स्थानांतरण करवाने, ग्राम बोरिद के ग्रामवासियों ने पीएम नल-जल योजना अंतर्गत निर्माणाधीन पानी टंकी को पूर्ण कराने, ग्राम आसरा की जयंती बाई ने वनपट्टा का फौती दर्ज कराने, गरियाबंद के वार्ड नं. 06 में नवीन विद्युत पोल लगाने, ग्राम नागझर की हीराबाई ध्रुव ने वोटर आईडी बनाने, राजिम के सुन्दर लाल पटेल ने भूमि की मुआवजा राशि प्रदान करने, ग्राम सोरिदखुर्द की दुर्गा सिन्हा ने शौचालय बनाने एवं बंसत कुमार सिन्हा ने वनअधिकार पट्टा प्रदान करने, ग्राम लोहझर के जितेन्द्र कुमार यदु ने अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने, ग्राम झाराबहल की रामबती सागर ने बंदोबस्त त्रुटि सुधार हेतु, ग्राम छैलडोंगरी के जामसिंग सोनवानी ने शौचालय बनाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये है। इस पर कलेक्टर श्री उइके ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय, नवीन भगत, श्री प्रकाश राजपूत सहित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## छुरा पुलिस ने हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

स्थानीय पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए हत्या के एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, हाल ही में क्षेत्र में घटित एक हत्या की घटना को लेकर पुलिस लगातार जांच में जुटी हुई थी। सुरागों के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान कर उसे हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी को जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच जारी है और अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों की भी तलाश की जा रही है।

21 अप्रैल को थाना प्रभारी छुरा को सूचना मिला कि बिसनी मारकण्डे नामक महिला की उसके पति गोपीराम मारकण्डे के द्वारा चाकू से वार कर निर्मम हत्या कर दी गई। मृतिका बिसनी मारकण्डे का विवाह लगभग 15 वर्ष पूर्व महासमुंद निवासी गोपीराम मारकण्डे के साथ हुआ था। पारिवारिक विवादों के चलते, वह दो वर्ष पूर्व अपने पति का घर छोड़कर अपनी मां सरोज बाई आडिल के साथ छुरा स्थित अपने मायके में रह रही थीं। उनके दो बच्चे अपने पिता के साथ महासमुंद में रहते थे, जो स्कूल की छुट्टियां होने के कारण आठ-दस दिन पूर्व अपनी मां के पास छुरा आए हुए थे।

मृतिका बिसनी बाई मारकण्डे दिनांक 20 अप्रैल, 2025 को रायपुर से केटरिंग का काम कर वापस अपने घर छुरा आई थी। दिनांक 21 अप्रैल, 2025 को सुबह लगभग 11.00 बजे मृतिका के भाई को उनके पड़ोसी ने फोन कर घटना की सूचना दिए की आरोपी गोपीराम द्वारा बिसनी बाई को चाकू मारकर भाग गया है। सूचना मिलते ही मृतका के भाई द्वारा छुरा आकर अपने घर में देखा कि पीड़ित महिला की हल्की कराहने की आवाज आ रहा था। जिसे सुनकर तत्काल एम्बुलेंस और पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस के पहुंचने पर बिसनी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, छुरा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

प्रारंभिक जांच में यह पाया गया है कि आरोपी गोपीराम मारकण्डे अपनी पत्नी बिसनी को अपने साथ महासमुंद ले जाना चाहता था, जिसका बिसनी ने विरोध किया। इसी बात से नाराज होकर गोपीराम ने जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर उनकी हत्या कर दी। आरोपी का उक्त गुप्त कृत्य अपराध धारा 103(1) हत्या का मामला पाए जाने से अपराध पंजी मत कर विवेचना में दिया गया। आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्याय हिरासत में भेजा गया।

## स्कूल में गर्मी में उबलते हुए पढ़ाई करने मजबूर हो रहे नौनिहाल

# भीषण गर्मी में बच्चों की बेबसी, छुट्टी के बाद नंगे पैर लौट रहे घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के लगभग सभी ग्रामो मे इन दिनो ऐसी तस्वीर आसानी से देखा जा सकता है। अप्रैल के भीषण गर्मी तेज धूप में स्कूली बच्चे सुबह 11 बजे स्कूल से छुट्टी होने के बाद नंगे पैर खेलते कूदते दोपहर तक घर पहुंचते है। मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में कई ग्रामों में प्राथमिक या मिडिल स्कूलों की दूरी 2 से 3 किमी है और स्कूली बच्चे तपती दोपहरी में तवे से गर्म सड़क व पगडंडी रास्तों से नंगे पाव प्रतिदिन स्कूल आना जाना करते है। यह तस्वीर ग्राम भाठीगढ़, कोनारी मार्ग मे लिया गया है। जहां प्राथमिक और मिडिल स्कूल के बच्चे छुट्टी के बाद दोपहर 12 बजे के आसपास अपने घर नंगे पाव लौट रहे थे हालंकि शासन ने स्कूलों की टाईम टेबल मे बदलाव किया है सुबह 7 बजे से



11 बजे तक स्कूल संचालित हो रहा है लेकिन स्कूली बच्चो को खासकर जाड़ापदर, जिड़ार, छुईहा, कोनारी, राजापड़ाव गौरगांव क्षेत्र के आदिवासी बच्चों को स्कूली की छुट्टी होने पर स्कूली की दूरी 2 से 3 किमी होने पर गर्म तवे की तरह तपती सड़क में नंगे पाव घर लौटना उनकी मजबूरी बन गई है इन बच्चों को शासन ने गणवेश तो उपलब्ध कराया है लेकिन चप्पल और जूता उपलब्ध नहीं कराया है। ऐसा नहीं कि सभी बच्चों के पास चप्पल जूते न हो कई परिवार आर्थिक रूप से इतने कमजोर है कि आज भी बच्चे अपने मां बाप से कभी चप्पल और जूता की मांग नही करते गर्मी हो बारिश हो कीचड़ दलदल नंगे पैर स्कूल आना जाना इनकी बेबसी है। मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के अधिकांश स्कूलों में बिजली ही नहीं है क्योकि गांव में बिजली पहुंचा ही नहीं है ऐसे में पंखा कहां से चलेगा। स्कूलों में पंखा ही नहीं है बच्चे स्कूल में गर्मी में उबलते हुए पढ़ाई करने मजबूर हो रहे है।

## खबर संक्षेप

### पुरस्कार वितरण समारोह स्थगित

**महासमुंद।** शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 23 अप्रैल बुधवार को शालेय पत्रिका कृति का विमोचन तथा तथा पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित था। परंतु, ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस के निधन के कारण गृह मंत्रालय भारत शासन द्वारा संपूर्ण देश में तीन दिनों का राजकीय शोक घोषित किए जाने के कारण उक्त समारोह को स्थगित कर दिया गया है। कार्यक्रम आयोजन की नयी तिथि बाद में निर्धारित की जाएगी।

### साराडीह में सतनाम सतग्रंथ का आयोजन

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम साराडीह में 22 अप्रैल से 25 अप्रैल तक तीन दिवसीय सतनाम सत्संग का आयोजन चल रही है, जिसकी शुरुआत तरुण व्यवहार जनपद उपाध्यक्ष बागबाहरा व साधु संतों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। गुरु घासीदास बाबा के जीवन चरित्र का बखान अलग-अलग सतग्रंथ मंडली साधु संतों द्वारा की जा रही है। आयोजन समिति के प्रमुख महादेव चतुर्वेदी, राकेश मार्कंडेय ने सतग्रंथ मंडली व साधु संतों को कार्यक्रम में देने की अपील की है। सभी सतनाम सतग्रंथ मंडली को 1551 रुपए सम्मान राशि दी जाएगी। प्रत्येक मंडली में पांच सदस्य से अधिक व श्वेत वस्त्र धारण करने की अनिवार्यता होगी।

### युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान का आयोजन

**महासमुंद।** राज्य शासन के निर्देशानुसार एवं राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जारी एसओपी के तहत जिले में नशे में लिप्त बच्चों के चिन्हांकन, संरक्षण एवं पुनर्वास के लिए युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान का सोमवार को सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह अभियान चरणबद्ध रूप से जिले के प्रमुख बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, चौक चौराहों एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर संचालित किया गया, जहां अक्सर नशे के कारोबार एवं सेवन की घटनाएं सामने आती हैं। अभियान में प्रमुख रूप से खाद्य एवं औषधि विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड लाइन, जिला नोडल कोटपा शामिल रहे। अभियान के तहत गठित संयुक्त दल ने पास-पड़ोस के क्षेत्र, वेटिंग हॉल, बस अड्डे व चौराहों पर सघन निरीक्षण कर नशे की आपूर्ति करने वाले स्त्रोतों पर कड़ी नज़र रखी। साथ ही, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने पर तुरंत जांच पड़ताल कर नशीली दवाओं के सेवन के प्रमाण एकत्रित किए।

### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत राशि जारी, स्थलों का किया निरीक्षण

**बागबाहरा।** नगर पालिका पालिका परिषद बागबाहरा को 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत राशि जारी की गई है। उक्त राशि से वार्ड क्रमांक 12 में कम्पोस्ट सेंटर निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 09 कंपोस्ट सेंटर में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य एवं वार्ड क्रमांक 09 कंपोस्ट सेंटर तक पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य कराया जाना है। जिसका प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जाना है। अध्यक्ष नगर पालिका खिलेश्वरी छोटू बघेल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी डीएल बर्मन एवं उपअभियंता शशि प्रताप सिंह द्वारा उपरोक्त स्थानों का निरीक्षण किया गया।

**मौसम :** लू से बचने लोग घरों में कैद, जनजीवन प्रभावित, सेहत पर असर

# पारा 42 डिग्री के पार, सूर्य की तपती किरणों ने बढ़ाई मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

धुप का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है, सुबह 08 बजते ही तेज धुप के चलते ऐसा लगता है कि दोपहर हो गया है, सुबह से रात तक सिर्फ गर्म हवा के थपेडे चल रहे है, लोग अप्रैल माह में कराह उठे है ऊपर से लगातार बिजली कटौती जानलेवा साबित हो रही है, लोगों के गले, शरीर में जगह- जगह लाल लाल दाग धब्बे के साथ दाने दाने घमुर्री आने से लोग बेचैन हो गए हैं और बिजली कटौती के कारण कुलर, पंखा नहीं चल पा रहा हैं, रात में लोग चैन से सो नहीं पा रहे हैं तो दिन में भी लोगों को सुकुन नहीं मिल रहा है पहली बार क्षेत्र के लोग इतना ज्यादा गर्मी पडने की बात कह रहे है, मैनपुर क्षेत्र में अप्रैल माह में ही तापमान 42 डिग्री पहुंच चुका है लोगों का तेज धुप लू के चलते हालत खराब हो गया गांव की गलिया हो या नगर के सड़कें हर तरफ सिर्फ लु की चपेट चल रही है सुबह 8 बजे से गर्म हवा देर शाम तक चलती रही, भीषण गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। सूर्य की तपती किरणे झुलसा रही है। तापमान का पारा निरंतर बढ़ रहा है। पिछले कुछ दिनो से शाम होते ही मौसम का मिजाज बदल रहा है हल्की बूंदाबांदी के बाद सुबह तेज धूप उमस से लोग बेचैन हो रहे है उमस और भारी गर्मी से लोगो का जीना बेहाल हो गया है जबकि आने वाले दो माह मई और जून तेज गर्मी भरा रहेगा।



### सेहत पर भी पड़ रहा है असर

भीशण गर्मी का असर सेहत पर पड़ रहा है गांव गांव लोग लू के चपेट मे आ रहे है गर्मी के कारण बुखार उल्टी दस्त जैसे बिमारी गांव मे पांव पसारना शुरू कर दिया है अस्पतालो मे लोगो की भीड़ लगी हुई है।

### तेज गर्मी से बचने की जरूरत: डॉ. ध्रुव

मैनपुर विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. गजेन्द्र ध्रुव ने लोगों से अपील किए हैं कि लगातार तेज गर्मी बढती जा रही है जिसके कारण लोग अपने बेहतर स्वास्थ्य के प्रति विशेष ध्यान देने की जरूरत है। गर्मी के बढते तापमान के साथ लोगों के स्वास्थ्य पर भी इसका देखने को मिल रहा है। खान -पान पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होने आगे कहा की घर से निकलने से पहले कान नाक को कपड़ों से अच्छी तरह ढांक लें। बांसी भोजन करने से बचे और ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं।

## गर्मी से लोग हलाकन, शादियों के उत्साह में कोई कमी नहीं

**राजिम।** माह अप्रैल के दूसरे सप्ताह से गर्मी ने अपना तांडव दिखाना प्रारंभ कर दिया है। लोगो का गर्मी से बुरा हाल है। घरों में कूलर एसी अब दिन रात चलने लगे है। वावजूद इसके गर्मी के कहर से लोग जूझ रहे है। चूंकि अभी शादी सीजन भी चल रहा है। इसलिए लोगों को रिश्तेदारों के यहां शादी में शामिल होना जरूरी है। छत्तीसगढ़ में सबसे अधिक शादियां अक्षय तृतीया के लग्न में आयोजित होती है। 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन नवापारा एवं राजिम के सभी भवन बुक है। लिहाजा लोग घरों के आंगन में पाल पर्दा लगाकर शादी के मंडप सजाने की तैयारी में है। गर्मी के बढ़ते कहर के बीच शादी का उत्साह फीका नहीं पड़ेगा। इसी उम्मीद के साथ हर साल अक्षय तृतीया में हजारों जोड़े परिणय सूत्र में बंधते है।

**रायपुर राजिम मार्ग में एक भी छायादार पेड़ नहीं-** रायपुर से राजिम मार्ग पर एक भी छायादार पेड़ नहीं है। भरी गर्मी दुपहिया वाहन चालकों को परिवार एवं बच्चों को लेकर भरी गर्मी में सफर करना मजबूरी है। तेज धूप से बहुत ज्यादा परेशानियों का सामना करते हुए सफर करना पड़ रहा है। चूंकि रायपुर राजिम मार्ग का निर्माण अभी-अभी हुआ है। समय रहते विभाग ने वृक्षारोपण नहीं किया। नवापारा से कुर्रा तक बने 4 लेन सड़क का डिवाइडर भी बंजर है। संबंधित ठेकेदार ने बिना सुरक्षा के पेड़ लगा दिए। लगाए गए पौधे देखभाल एवं सुरक्षा के अभाव में नष्ट हो गए। पौधे लगाकर केवल खानापूर्ति की गई। सम्बंधित अधिकारियों ने भी पूछ परख नहीं की।

**गर्मियों में स्कूल अब भी जारी-** तेज गर्मी के बीच स्कूल अब भी चल रहे है। हालांकि स्कूल का समय सुबह 7 बजे जरूर कर दिया गया है। किंतु नवापारा एवं राजिम के बच्चों को घर पहुंचते 12 बज जाते है। नवापारा के बहुत से बच्चे शहर से दूर अन्य स्कूलों में पढ़ते है। ऐसे में उन बच्चों को घर पहुंचते दोपहर 1 बज जाते है। तेज गर्मी में पसीने से लथपथ स्कूली बच्चों की सुध लेने वाला फिलहाल कोई नहीं है। अब यह देखना होगा कि क्या पूर्व नियोजित 30 अप्रैल तक स्कूल लगेगी या स्कूलों में तेज गर्मी के कारण नियोजित तारीख के पूर्व छुट्टियां घोषित हो जाएगी।

## पीएमश्री हरिहर स्कूल के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**नवापारा-राजिम।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के योजनांतर्गत पीएमश्री हरिहर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नवापारा के कक्षा 6वीं से 12वीं तक के सभी छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण हेतु 19 अप्रेल को हिदायतुल्लाह लॉ विश्वविद्यालय, ट्रिपल आईटी, ऊर्जा पार्क और मुक्तांगन ले जाया गया, छात्र-छात्राओं के लिए नाश्ता, दोपहर का भोजन एवं शाम के स्नैक्स की भरपूर व्यवस्था रखी गई। इस भ्रमण का उदघाटन 19 अप्रेल को 10 बजे नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू द्वारा किया गया। इस समारोह में उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सोनी मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा, संजय साहू, सचिन सचदेव, हरिहर शाला के सभी स्टाफ स्वं छात्र-छात्राएं शामिल थे। इसी तारतम्य में 20 अप्रेल को घोंट गांव में श्याम राईस मिल (मनमोहन अग्रवाल ), चम्पारण, जंगल सफारी की सैर बच्चों को कराई गई। दूसरे दिन भी नाश्ते भोजन आदि की पूर्ण व्यवस्था रखी गई। श्री श्याम राईल मिल में प्राचार्य स्टॉफ एवं छात्र - छात्राओं का मनमोहन अग्रवाल एवं उनकी टीम द्वारा भरपूर स्वागत किया गया। जंगल सफारी में घुमने की व्यवस्था विधायक इंद्रकुमार साहू द्वारा की गई। प्राचार्य एफ. के. दानी ने विधायक इंद्रकुमार साहू, मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा, नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, मनमोहन अग्रवाल का धन्यवाद ज्ञापित किया। शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य, आासपास के उद्योगों की जानकारी देना, वातावरण, संस्कृति की जानकारी देना है और बच्चों का सामान्य ज्ञान बढ़ाना है। श्रीमती एफके दानी और एसएमडीसी अध्यक्ष सौरभ जैन ने विधायक इंद्रकुमार साहू, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा ,मनमोहन अग्रवाल को धन्यवाद दिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का भी धन्यवाद ज्ञापित किया कि पीएमश्री योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को विविध संस्थानों, लघु उद्योगों, और सांस्कृतिक स्थलों की जानकारी मिल रही है।

## कुंडेल में लोकार्पण, भूमिपूजन में शामिल हुए विधायक रोहित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम पंचायत कुंडेल के तत्वावधान नवनिर्मित शासकीय उचित मूल्य की दुकान सह गोदाम का लोकार्पण एवं बाजार चौक टीना शेड का भूमिपूजन एवं त्रिदिवसीय रामचरितमानस कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सरपंच गज्जु सिन्हा, उपसरपंच तुलसी पुरेना, पंचगण, भाजपा कार्यकर्ता रमेश सिन्हा एवं ग्रामवासियों ने फटाका फोड़कर फूल माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं त्रिदिवसीय रामचरितमानस संगीत मय सह व्याख्यान कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां प्रभु श्रीराम एवं हनुमान मंदिर की पूजा अर्चना किया।

कार्यक्रम के मुख्यअतिथ राजिम विधायक रोहित साहू, अध्यक्षता इंद्राणी नेहरू साहू, विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि राजिम विजय कंडरा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य भाजपा नेता चंद्रशेखर साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नेहरू साहू,सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश साहू, सरपंच कुण्डेल गज्जु सिन्हा। मुख्यातिथि विधायक राजिम रोहित साहू ने कहा की कुण्डेल में लम्बे अंतराल में रामायण का आयोजन हो रहा है। प्रधानमंत्री के अथक प्रयास से प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण हूआ। जिसकी कृपा से देश प्रगति की ओर अग्रसर हो रहा है। इस मौके पर कार्यक्रम में गज्जू सिन्हा सरपंच, कुश बाई तुलसी पुरेना उपसरपंच, सरस्वती बाबूलाल सतनामी, खुशबू रमेश कुमार सिन्हा, निशा यादराम सिन्हा, जयप्रकाश सिन्हा, सेवा राम पटेल, डिगेश्वरी कामता सिन्हा, रेखराम ढीठी, रेखा पीताम्बर चक्रधारी, राजकुमारी, शाम बाई झुनऊ दिवान रमेश सिन्हा, भारत सिन्हा, अनरूद सिन्हा, मंच संचालक पुर्व सरपंच लाला साहू, विधायक निज सहायक किशोर साहू,भाजपा कार्यकर्ता रमेश सिन्हा, सरपंच खूटेरी बेनी शंकर साहू, चेतन सिन्हा, कुंजलाल सिन्हा, देवलाल चक्रधारी,बिसन दिवान,मनहरण सिन्हा, कन्हैया सिन्हा,चतुर, बसंत, रेवा, संतोष निर्मलकर, खोमन सिन्हा, ओमबति सिन्हा, सत्य बाई सिन्हा, स्वागत के साथ कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की अनिवार्यता, साय सरकार ने इसे बनाया लूट का अवसर: डॉ.रश्मि

### 500 से 10 हजार तक भारी भरकम जुर्माना वसूली वाहन मालिकों पर अत्याचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पुराने वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट बदलने में प्रक्रियागत त्रुटि, असुविधा और अनिवार्यता को लेकर की जा रही सख्ती का कड़ा प्रतिवाद करते हुए महासमुंद कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में हजारों कंपनियां हैं जो नए हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट बनाने का काम किफायती दर पर कर सकती है। लेकिन, भाजपा की कमीशनखोर सरकार के द्वारा दिल्ली और हरियाणा की केवल दो ही कंपनियों को उपकृत करने की जिद ने लाखों लोगों को कतार में खड़ा होने मजबूर कर दिया है। परिवहन विभाग की अक्षमता और सिस्टम में खामी की सजा भी आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। 1 अप्रैल 2025 से इस मामले में चालानी कार्रवाई शुरू हो गई है। 500 से 10 हजार तक भारी भरकम जुर्माना वसूली वाहन मालिकों पर अत्याचार है। महासमुंद कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा है कि अप्रैल 2019 से पहले के लाखों वाहनों में से अधिसंख्यक वाहनों में अभी भी पुराने नंबर प्लेट लगे है, जिन्हें बदलने में सुविधाजनक प्रक्रिया मुहैया कराने के बजाय सख्ती से जुर्माना वसूली ही इस निर्दयी सरकार का फोकस है। आरटीओ ने बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के वाहनों के फिटनेस जांच नहीं करने का फरमान जारी कर दिया है। जब ऐसे नंबर प्लेट स्थानीय स्तर पर और भी कंपनियां बना सकती है, कम कीमत पर बना सकती है, अधिक तत्परता से बना सकती है फिर केवल दो कंपनियों पर निर्भरता क्यों? गुणवत्ताहीन नंबर प्लेट जिसकी लागत 50 रुपए भी नहीं होगी, दुपहिया वाहनों के लिए 483 रुपए, निजी कार के 656 इसी तरह तिपहिया और कमर्शियल वाहनों और भी अधिक वसूली की जा रही है। आगे डॉ रश्मि ने कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय ने सुरक्षा के लिहाज से पुरानी गाड़ियों के लिए भी नए हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के अनिवार्यता का आदेश दिया था, इस व्यवस्था से पुलिस और आरटीओ को चालान काटने तथा अपराधियों तक पहुंचने में मदद मिलेगी फिर इसको इसके लिए केवल वाहन मालिकों को ही क्यों प्रताड़ित किया जा रहा है। सरकार व्यवस्था दुरुस्त क्यों नहीं करती, केवल लूट का जरिया बन गया है, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की अनिवार्यता को साय सरकार ने लूट का अवसर बना लिया है।



## पृथ्वी का संरक्षण, पर्यावरण की रक्षा जरूरी : खोमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



पृथ्वी दिवस प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द में मंगलवार को मनाया गया। शिक्षक खोमन सिन्हा ने कहा की हर साल 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। आगे बताया कि यह दिन पृथ्वी के संरक्षण और पर्यावरण की रक्षा के लिए जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को पृथ्वी के महत्व और इसके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में जागरूक करना है। पृथ्वी का महत्व पृथ्वी हमारा घर है और यह हमें जीवन के लिए आवश्यक सभी चीजें प्रदान करती है, जैसे कि हवा, पानी, भोजन और आश्रय। पृथ्वी के बिना जीवन असंभव है, इसलिए हमें इसकी रक्षा और संरक्षण के लिए काम करना चाहिए। आजकल पर्यावरण की समस्याएं बहुत बढ़ गई हैं। प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, वनस्पति विनाश और जैव विविधता की हानि जैसी समस्याएं पृथ्वी के लिए खतरनाक हैं। इन समस्याओं के कारण पृथ्वी का भविष्य खतरे में है। सिन्हा ने आगे कहा कि हम क्या कर सकते हैं-पृथ्वी की रक्षा और संरक्षण के लिए हम कई चीजें कर सकते हैं। जैसे कि पेड़ लगाना पेड़ लगाने से वायु प्रदूषण कम होता है और पृथ्वी का तापमान नियंत्रित रहता है। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से शिक्षक खोमन सिन्हा कुलदीप साहू, डाकेस साहू, परमानंद साहू, भोलेश्वर साहू, लोमस साहू उपस्थित रहे। सिन्हा ने आगे कहा कि हम क्या कर सकते हैं-पृथ्वी की रक्षा और संरक्षण के लिए हम कई चीजें कर सकते हैं। जैसे कि पेड़ लगाना पेड़ लगाने से वायु प्रदूषण कम होता है और पृथ्वी का तापमान नियंत्रित रहता है। पानी की बचत करने से हम पृथ्वी के जल संसाधनों को बचा सकते हैं। ऊर्जा की बचत ऊर्जा की बचत करने से हम पृथ्वी के ऊर्जा संसाधनों को बचा सकते हैं। कूड़ा निष्पादन कूड़ा निष्पादन करने से हम पृथ्वी को प्रदूषण से बचा सकते है। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से शिक्षक खोमन सिन्हा कुलदीप साहू, डाकेस साहू, परमानंद साहू, भोलेश्वर साहू, लोमस साहू उपस्थित रहे।

### भाजपा संगठन महामंत्री साय से मुलाकात

महासमुंद। भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने रायपुर स्थित भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय में भाजपा छत्तीसगढ़ संगठन महामंत्री पवन साय से सौजन्य मुलाकात की।

## मुखौटा पहनकर हाथ में तलवार लहराते पकड़ा गया संदिग्ध, ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर




गरियाबंद के मैनपुर देवभोग ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले धंराकोट ग्राम में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक नकाबपोश हथियार से लैस संदिग्ध युवक को ग्रामीणों ने धर दबोचा। बताया जा रहा है कि संदिग्ध व्यक्ति ग्राम में मुखौटा लगाकर हाथ में बड़ा तलवार लहराते संदिग्ध गतिविधियों के साथ घूम रहा था। जिसे शक के आधार पर कुछ सतर्क ग्रामीणों ने पकड़ लिया। ग्रामीणों ने उसे पकड़कर एक खंभे से बांध दिया और तत्काल देवभोग थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने पर आरोपी को उनके हवाले कर दिया गया। पुलिस को मौके से एक धारदार हथियार भी बरामद हुआ है। गांव में भारी भीड़ लगी हुई है, घटना देर रात 10 से 11 बजे की बताई जा रही है।

### पुलिस कर रही पूछताछ

*पिछले कुछ दिनों से देवभोग और आसपास के गांवों में चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं, जिससे स्थानीय लोग पहले ही भयभीत थे। अब इस नकाबपोश संदिग्ध की गिरफ्तारी से एक ओर जहां राहत की सांस ली गई है। वहीं क्षेत्र में दहशत का माहौल भी बना हुआ है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और संदिग्ध से पूछताछ जारी है।*



**खबर संक्षेप**

## चिमरकेल में महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री कर रहे एक व्यक्ति पर कार्रवाई की है। पुलिस को 21 को मुखबिर से सूचना मिलने पर चिमरकेल से पिलवापाली जाने वाले रोड किनारे ग्राम पिलवापाली के पास आम पेड़ नीचे से आरोपी लखन कोसरिया पिता मधुसूदन कोसरिया (29 साल) पिलवापाली, थाना बसना जिला महासमुंद छ0ग0 के कब्जे से 10 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 2000 रुपए जब्त किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## क्रिकेट स्पर्धा 27 से

**महासमुंद।** फारेस्ट प्रीमियर लीग टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 27 अप्रैल से होगा। लगभग 45 दिनों तक चलने वाली इस लीग प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन ऑक्शन प्रक्रिया आयोजित कर किया गया। इस दौरान ओनर द्वय यार्कर योद्धा के लारेंस एंटोनी, स्वराज सुपर किंग के ईश्वर चंद्राकर, वीएनएस के विजय राजपूत, विकास इलेवन के विकास साहू, जेनेसिस के सेबेस्टिन जेकब, आराध्या इलेवन के पंकज साहू होंगे।

निरीक्षण : कलेक्टर उइके ने जिला अस्पताल स्थित एनआरसी का किया निरीक्षण

# पोषक तत्वों, उचित खानपान व बच्चों की देखभाल के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

- एनआरसी में भर्ती बच्चों एवं महिलाओं को पोषण आहार किया वितरित

जिले के नवपदस्थ कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने जिला चिकित्सालय गरियाबंद स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) का निरीक्षण किया। 8 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक देश भर में चलाए जा रहे पोषण पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत जिला चिकित्सालय के पोषण पुनर्वास केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर ने एनआरसी में भर्ती बच्चों सहित गर्भवती महिलाओं को शारीरिक विकास के लिए आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर संतुलित आहार भोजन प्रदाय किया। कलेक्टर ने गरियाबंद जिले में पोषण पुनर्वास केंद्र को बच्चों के स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक सराहनीय कदम बताया। उन्होंने एनआरसी में भर्ती बच्चों एवं महिलाओं से उनके स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही पोषण पुनर्वास केंद्र में स्वास्थ्य शिक्षा के लिए प्रदर्शित किए गए पोस्टर चार्ट की प्रशंसा की। इस दौरान भर्ती बच्चों की माताओं को जिला चिकित्सालय की डॉक्टर हिना फारूखी द्वारा प्रदर्शित पोस्टर, सब्जियों और खाद्य पदार्थों के माध्यम से विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों और सब्जियों से मिलने वाले पोषक तत्वों के संबंध में तथा उचित खानपान और बच्चों की देखभाल के बारे में जानकारी दी गई।

## नवापारा में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन, जागरूकता पर दिया गया जोर



नवापारा-राजिम। महिला एवं बाल विकास नवापारा में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ करने एवं सुपोषित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए आयोजित किया गया। पोषण पखवाड़ा 8 से 22 अप्रैल तक चलने वाले महिला एवं बाल विकास के माध्यम से कराया रहा है। जिसमें महिलाओं को आंगनवाड़ी केंद्रों में शासन द्वारा प्राप्त होने वाले खाद्य सामग्री रेडी टू ईट से बने हुए खाद्य सामग्री का उपयोग कैसे करें और उनके लाभ के बारे में भी बताया गया है? इसके साथ ही अपने बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं उपस्थित बालकों को शपथ दिलाया गया ताकि वह अपने बच्चों का सही तरीके से पालन पोषण, खान पान के माध्यम से करें एवं उनमें होने वाली बीमारियों से बचा जा सके। वार्ड क्रमांक 10 केंद्र क्रमांक 8 1 में पार्षद अर्जुन साहू की उपस्थिति में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी शैल मैम की मौजूदगी तथा परियोजना अधिकारी रचित नायडू के मार्गदर्शन में महिला बाल विकास पर्यवेक्षक रेखा साहू ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता राजकुमारी विश्वकर्मा, सहायिका, चित्रलेखा ध्रुव, कल्याणी कंसारी, आशा वर्मा, दीपाली, सीमा, धनेश्वरी, उमेश्वरी, भूमिका नौरंगी, भूमिका सोना, भगवती पद्मिनी, शशि, संतोषी, गिरजा, गीता, गायत्री ममता देवी, मोगरा, पूर्णिमा, संतोषी शर्मा सोनाली मौजूद थे। बताया गया कि कुपोषण मुक्त भारत कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ करने का पर्यवेक्षक रेखा साहू द्वारा सभी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, आंगनवाड़ी में गर्भवती शिशुवती माता एवं 0 से 6 वर्ष के सभी बच्चों के पालकों माता-पिता को कुपोषण दूर करने के लिए शपथ दिलाया गया।

### पोषण पखवाड़ा का उद्देश्य परिवारों को शिक्षित करना

सीएमएचओ डॉ गार्गी यदु पाल ने बताया कि पोषण पखवाड़ा का उद्देश्य परिवारों को मातृ पोषण, उचित स्तनपान प्रथाओं और बचपन में बौनेपन और एनीमिया, डायरिया रोकने, स्वच्छता और संतुलित आहार अपनाने के बारे में शिक्षित करना है। स्थानीय पारंपरिक पौष्टिक खाद्य पदार्थों को बढ़ावा देना, खासकर आदिवासी क्षेत्रों में जहां स्वदेशी आहार बेहतर स्वास्थ्य की कुंजी है। पहले एक हजार दिन - गर्भाधान से लेकर बच्चे के दूसरे जन्मदिन तक - शारीरिक विकास और मस्तिष्क के विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। इस समय के दौरान, एक बच्चे का शरीर और दिमाग अविश्वसनीय गति से बढ़ता है, जो उसके भविष्य के सीखने, प्रतिरक्षा और समग्र स्वास्थ्य की नींव रखता है। इस समय के दौरान अच्छा पोषण, प्यार, देखभाल और शुरुआती सीखने के अनुभव उन्हें एक स्वस्थ, स्मार्ट और खुशहाल व्यक्ति बनने में मदद करता है। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. टीसी पात्रे, डॉ. हिना फारूखी, डॉ परिना फारूखी, डॉ शंकर पटेल, पोखराज साहू, फीडिंग डिमॉन्सट्रेटर अनीस अख्तर, कुक लक्ष्मी यादव, डेटा ऑपरेटर मुनमुन देवांगन, हॉस्पिटल स्टॉफ सहित माताएं और बच्चे उपस्थित रहे।

# विधायक ने अग्निशमन वाहन का पूजन कर किया लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम

विधायक रोहित साहू ने राजिम मुख्यालय के मेन रोड में जिला मुख्यालय गरियाबंद के लिए आए नई अग्निशमन वाहन का विधिवत पूजा-अर्चना कर लोकार्पित किया और जिला मुख्यालय के लिए इस वाहन को रवाना किया। मालूम हो कि गर्मी की भीषणता और आगजनी जैसी आपदाओं से निपटने के लिए गरियाबंद जिले को एक और बड़ी सौगात विधायक श्री साहू के प्रयास से मिली है। इसके साथ ही जिले में अब कुल तीन अग्निशमन वाहन उपलब्ध हो गए हैं, जिससे राहत और बचाव कार्यों में तेजी आएगी। विधायक श्री साहू ने सीएम विष्णुदेव साय का विशेष रूप से आभार जताते हुए कहा कि यह वाहन जिले के लिए मुख्यमंत्री की तीसरी महत्वपूर्ण सौगात है। इस अवसर पर नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष महेश यादव ने मुख्यमंत्री श्री साय एवं विधायक रोहित साहू के इस जनसेवाभावी पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक गाड़ी नहीं, बल्कि गरियाबंद जिले को मिली सुरक्षा की ढाल है। फायर ब्रिगेड टीम के जांबाज जवानों के हौसले को भी सभी ने सलाम किया। अग्निशमन के लोकार्पित कार्यक्रम में राजिम नगर पंचायत के अध्यक्ष महेश यादव,गरियाबंद नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा, निज सहायक पन्ना साहू,भाजपा नेत्री देवकी साहू, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता राधेश्याम बंजारे, जनपद सदस्य राधेश्याम साहू, पूर्व जनपद सदस्य दीपक साहू, युगल किशोर साहू, कामता वर्मा, सोहन यादव सहित राजिम के भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक शामिल थे।

# कलेक्टर ने विभिन्न कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

**गरियाबंद।** जिले के नवनियुक्त कलेक्टर बीएस उइके ने सुबह 10 बजे संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में स्थित विभिन्न विभागीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने परिसर के भूतल एवं प्रथम तल में स्थित कार्यालयों, सहायक आयुक्त कार्यालय, खाद्य शाखा, खनिज, रेशम, सांख्यिकी, उद्यानिकी, महिला एवं बाल विकास विभाग, आबकारी, शिक्षा, निर्वाचन, समग्र शिक्षा, श्रम विभाग, व्यापार एवं उद्योग, समाज कल्याण, स्थापना, नाजिर शाखा, जिला कोषालय, भू-अभिलेख शाखा सहित परिसर में संचालित अन्य कार्यालयों का भी अवलोकन किया। उन्होंने कार्यालयों में जाकर अधिकारी - कर्मचारियों की उपस्थिति, रिकॉर्ड संधारण एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर श्री उइके कार्यालयीन व्यवस्थाओं एवं साफ-सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने सभी



कार्यालयों में निर्धारित समय पर पहुंचकर शासकीय दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारी-कर्मचारियों को दिये। साथ ही कार्यालय परिसर को स्वच्छ रखने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर द्वारा निरीक्षण के दौरान कुछ अधिकारी- कर्मचारी कार्यालयीन समय में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाये गए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिये। इस दौरान अपर कलेक्टर प्रकाश राजपूत, नवीन भगत सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त नहीं होता शिक्षक उसकी भूमिका रहती है अमर

**फिंगेश्वर।** संकुल केन्द्र फिंगेश्वर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथिद्वय सेवानिवृत भीखम लाल सिंन्हा एवं केशो राम साहू थे। अध्यक्षता रामेन्द्र कुमार जोशी विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने किया वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में शिव सिंह कंवर प्राचार्य ठाकुर दलगंजन हायर सेकेंडरी स्कूल एवं मुकेश निर्मलकर प्राचार्य स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल फिंगेश्वर,सुभाष शर्मा विकासखंड स्रोत समन्वयक उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता की पूजा अर्चना से किया गया। तत्पश्चात शासकीय प्राथमिक शाला सतनामी पारा की विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत व नृत्य प्रस्तुत



किया गया। इस अवसर पर बी ई ओ रामेन्द्र कुमार जोशी ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होता दोनों शिक्षकों के कार्यकाल पर चर्चा करते हुए अपने अनुभवों से वर्तमान के शिक्षकों को मार्गदर्शन देने की बात कही। शीला दुबे व्याख्याता एवं दिव्या यादव शिक्षिका द्वारा अभिनंदन पत्र का वाचन किया गया। सेवानिवृत शिक्षक भीखम लाल सिन्हा एवं केशो राम साहू द्वारा उद्बोधन में अपने शैक्षिणिक जीवन की मुख्य बातों पर चर्चा किया गया तथा कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों को मार्गदर्शन व शुभ आशीष प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन उमेश यदु द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह तथा श्रीफल आदि प्रदान किया गया.इस अवसर पर एसएस कंवर, मुकेश निर्मलकर सतीश सोनी, सिंधु श्रीवास, गीता यादव, योगेश्वरी ध्रुव, कामिनी कौशल साकार, दिव्यारानी यादव, अनीता ठाकुर, सरोज बाला सूर्यवंशी संकुल समन्वयक फिंगेश्वर अशोक सोनवानी तथा संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# गाय के महत्व को घर-घर पहुंचाना हमारा दायित्वः डॉ. चन्द्रशेखर




हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुईहा बेलर

- ग्राम जनजागरण यात्रा अभियान बेलर पहुंचा

फिगेंश्वर क्षेत्र के परसदाकला, खुड्सा, पतोरा, पतोरी, बेलर में प्रदेश सरकार के मुखिया विष्णु देव साय के मंशानुरूप छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के मार्गदर्शन में पंचक्रोशी धाम आदर्श गौ शाला फिगेंश्वर के तत्वावधान में गौ ग्राम जनजागरण यात्रा अभियान 22 अप्रेल से शुभारंभ किया गया। उक्त अभियान का नेतृत्व समाजसेवी कार्यकर्ता डॉ. चन्द्रशेखर हरित फिगेंश्वर कर रहे हैं। अभियान को गति प्रदान करने और गौ माता के लिए समर्पित समयदानी कार्यकर्ता भगवताचार्य पं. त्रिभुवन मिश्रा, युग पुरैहित परमानंद महराज, चित्रंरजन महराज, लिखन दाह, अमृत यदू, नुतन साहू, लखन साहू, ओमप्रकाश साहू, जगदीश साहू, जगेश्वर साहू के अहम्‍ सहयोग से गौ ग्राम जनजागरण यात्रा अभियान चल रहा है।

गौ शाला फिगेश्वर अध्यक्ष एवं अभियान के नेतृत्व कर्ता डा चन्द्रशेखर हरित ने कहा, ग्राम जनजागरण यात्रा अभियान चल रहा है जिसका उद्देश्य गाय के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना, और गौ सेवा के लिए लोगों को प्रेरित करना तथा गौ उत्पादों को बढ़ावा देना है। यह अभियान 22 अप्रैल से शुभारंभ किया गया है। दूसरे चरण में 1 -2 मई छत्तीसगढ गौ सेवक अध्यक्ष बिशेसर पटेल विशेष आमंत्रण पर उपस्थित रहेंगे। जो ग्राम बारूला में सभा लेगें। हरित ने आम लोगों को अभियान के उद्देश्य बताते कहा गाय के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना अभियान का मुख्य है। लोगों को गाय के महत्व के बारे में जागरूक करना है और उन्हें गौ सेवा के लिए प्रेरित करना है।

### गौ सेवा के लिए लोगों को प्रेरित करें : पं. त्रिभुवन

गौ माता सेवा के लिए समर्पित भगवताचार्य पं. त्रिभुवन मिश्रा बारूला वाले ने कहा की अभियान का उद्देश्य लोगों को गौ सेवा में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना है, जिससे गौ माता का संरक्षण हो सके अभियान के माध्यम से गौ उत्पादों को बढ़ावा देने की भी कोशिश की जा रही है, ताकि गौ पालन को आर्थिक रूप से मजबूत किया जा सके।

### गौ आधारित आत्मनिर्भरता से गांवों को मिलेगी नई दिशाः परमानंद

युग पुरैहित परमानंद महराज ने कहा अभियान के तहत गौ ग्राम जनजागरण यात्रा निकाली जा रही है, जो गौशालाओं के माध्यम से विभिन्न गांवों परसदाकला, खुड्सा, पतोरा, पतोरी,बेलरमें आम लोगों से मिलकर चर्चा किया गया। अभियान दल का नेतृत्व गौ माता की एक खास वाहन रथ साथ चल रही, हर गांव में गौ आरती, वक्ताओं का उद्बोधन कार्यक्रम और ग्रामीणों के साथ बातचीत की जा रहा है। अभियान का उद्देश्य गांवों को गौ आधारित आत्मनिर्भर बनाना है, जिससे गौ पालन से लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। इस दौरान सरपंच बेलर सुमन रात्रे, डॉ. चन्द्रशेखर हरित, भगवताचार्य त्रिभुवन मिश्रा, युग पुरैहित परमानंद महराज, चित्ररंजन महराज, लिखन दाह, अमृत यदू, नुतन साहू, लखन साहू, ओमप्रकाश साहू, जगदीश साहू, जगेश्वर साहू, खोमन साहू, मानसिंग यादव, देवेन्द्र साहू, लेखराम रात्रे, जनक श्रीवास, सरपंच परसदाकला गणेश साहू, एनसिंग साहू खुडसा, सेवक राम, सरपंच पतोरा सुरज भारतीय, धनीराम दिवान, सरपंच प्रतिनिधि भीखम लोहले ,छगन साहू, सुन्दर, दिनदयाल साहू, विष्णु साहू, लक्ष्णन साहू, परसदाकला, खुडसा, पतोरी, पतोरा, बेलर के ग्रामवासी उपस्थित थे। वहीं बुधवार को चैतरा, रवेली, सेंदर, परसट्ठी, चरभट्ठी, देवगांव में जन जागरण दल प्रवास में रहेंगे।

आज दशगात्र



जन्म 02/03/1951

मृत्यु 14/04/2025

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पति

स्व. श्री शिवनंदन श्रीवास

का स्वर्गवास दिनांक 14/04/2025 दिन सोमवार को हो गया है,
अतः आप सहपरिवार पधार कर दिवंगत आत्मा को
श्रद्धांजलि अर्पित कर हमें अनुग्रहित करें।

कार्यक्रम
दशगात्र : 23.04.2025, बुधवार, स्थान : निज निवास फिंगेश्वर
टीप : तालाब कार्यक्रम दोपहर 12 बजे

शोकाकुल परिवार
प्रेमलाल शांडिल्य, अजय सेन, ललित श्रीवास,
भागवत भार्गव (दामाद)
सूरज, प्रकाश, अक्की, पृथ्वी, गणेश (नाती)
जितेन्द्र, धर्मेन्द्र, स्व. पुष्पेन्द्र, कृष्णकुमार (पिंटु) (भतीजा)
एवं समस्त श्रीवास परिवार

विनीत
शकुन श्रीवास (पत्नि)
यदुनंदन श्रीवास (बड़े भाई)
स्व. भुनेश्वर श्रीवास,
राजेश श्रीवास, दीपक श्रीवास (पुत्र)
वार्ड क्र. 06, नगर फिंगेश्वर
मो. 7999872107

टीप - जिन प्रियजनों एवं साथियों को शोक पत्र नहीं मिल पाया हो वह इसे ही आमंत्रण स्वीकार करें।

(तिरंगा संकुल संगठन रानीपरतेवा IFC जनपद पंचायत छुरा)

// आई.एफ.सी. एंकर पद भर्ती हेतु विज्ञापन //

एकीकृत फार्मिंग कलस्टर अंतर्गत IFC एंकर ग्रामीण क्षेत्रों के आजीविका संवर्धन हेतु फार्म ऑफ फार्म एवं नॉनफार्म आजीविका अंतर्गत विभिन्न कार्य जैसे एग्रो इकोलॉजिकल पध्दति, मिटटी के स्वास्थ्य औ जल स्तर में सुधार फसल विविधीकरण और उत्पादकता में सुधार एवं एग्री न्यूट्री गार्डन के माध्यम से पोषण में सुधार, पशुधन प्रबंधन, नस्ल में सुधार, समय पर पशु चिकित्सा, देखभाल और टीकाकरण को अपनाकर महिला स्व-सहायता समूह सदस्यों मुख्यतः महिला किसानों एवं पशुपालकों के आजीविका स्तर को बढ़ाने हेतु राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत कलस्टर संगठन को क्रियांवयन एजेंसी के रूप में चयनित किया गया है। इस कार्य के संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु IFC एंकर की भर्ती की जानी है। जिस हेतु इच्छुक व पात्र उम्मीदवारों के आवदेन आमंत्रित है। उक्त IFC एंकर की भर्ती पूर्णकालिन के लिए ही होगी। यह भर्तिया पूर्ण रूप से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन "बिहान" अंतर्गत गठित कलस्टर संगठन के स्वामित्व के अधीन होगी। इसका किसी भी शासकीय अर्द्ध-शासकीय, निजी संस्था से कोई संबंध नहीं है। आवेदन करने की प्रारंभिक तिथि 23/04/2025 व अंतिम तिथि 02/05/2025 को समय शायं 5:00 बजे अपरान्ह तक **कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत छुरा (बिहान शाखा) जिला गरियाबंद छ.ग.** के पते पर रजिस्टर्ड डॉक द्वारा प्रेषित किये जा सकते हैं।

01. आई.एफ.सी. एंकर हेतु आवश्यक अर्हता, मापदण्ड, मानदेय व यात्रा भत्ता का विवरण :-

| क्र. | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | न्यूनतम कार्यानुभव (वर्ष) | एकमुश्त मासिक मानदेय (रू.) | यात्रा भत्त (रू. में) | वाछित अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | शासन द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कृषि, उद्यनिकी एवं संबंधित विषय में स्नातक उपाधि। | निर्धारित शैक्षणिक अर्हता उपरांत फील्ड स्तर पर कृषि एवं पशुपालन आधारित आजीविका कार्य का न्युनतम 01 वर्ष का कार्यानुभव। | 30,000 | 30,00 | ● यदि कॉलम 2 एवं 3 अनुसार उम्मीदवारों की अनुपलब्धता होता है तो शासन द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से नियमित स्नातक डिग्री के साथ ग्रामीण स्तर एवं कृषि संबंधित कार्य का 02 वर्ष का अनुभव वांछित। ● ग्रामीण परिप्रेक्ष्य एवं मार्केटिंग में कार्यानुभव को प्राथमिकता। ●हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में कार्य करने में समक्ष। साथ ही स्थानीय भाषा का ज्ञान हो। ● कम्प्युटर एवं एम. एस. ऑफिस में कार्य करने में दक्ष, हिन्दी व अंग्रेजी टाईपिंग आती हों। • रिपोर्ट लेखा एवं डेटा प्रबंधन में दक्षता। ●क्षेत्र भ्रमण के लिए आवश्यक समस्त दस्तावेज सहित स्वयं का वाहन (दो-पहिया)। |

1. आयु सीमा - अभ्यार्थी की आयु दिनांक 01 जनवरी 2025 की स्थिति में 21 वर्ष से अधिक तथा 45 वर्ष से कम हो।
2. निवासी-छत्तीसगढ़ राज्य/ जिले का मूल निवासी हो। 3. IFC एंकर में मानदेय को नोडल सीएलएफ द्वारा प्रावधनित IFC बजट से जारी किया जावेगा।

नोटः- अन्य जानकारी के लिए जनपद पंचायत छुरा (बिहान शाखा) में संपर्क कर सकते है।

अध्यक्ष/सचिव/कोषाध्यक्ष
तिरंगा संकुल संगठन रानीपरतेवा (IFC) ग्राम-रानीपरतेवा, वि.ख. छुरा जिला गरियाबंद (छ.ग.)

# सेवानिवृत्त शिक्षकों का हुआ सम्मान

**मैनपुर।** मंगलवार को विकासखंड भर के सेवानिवृत शिक्षकों को मैनपुर में सम्मान समारोह आयोजित कर विदाई दी गई साथ ही दिवंगत हुए शिक्षकों के धर्म पत्नी को भी शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ मैनपुर के बैनर तले विकासखंड भर के सेवानिवृत शिक्षकों को शाल श्रीफल देकर के सम्मान करते हुए शिक्षा के क्षेत्र मे उनके द्वारा किये गये कार्यो की सराहना भी किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बतौर एल आर बरिहा पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षक राम जी तिवारी प्रधान पाठक उपस्थित थे। सेवानिवृत हुए सभी शिक्षको ने अपने कार्यकाल के अनुभवों को बारी–बारी से साझा किया मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित बरिहा सर के द्वारा सभी को बधाई प्रेषित करते हुए उनके जिम्मेदारियां को अवगत कराया



शिक्षक होने का महत्वपूर्ण भूमिका के संबंध में विस्तार से बताएं सभा को श्री राम जी तिवारी के द्वारा भी संबोधित किया गया एवं दिवंगत परिवार को सहानुभूति देते हुए उनके परिवार के उज्जवल भविष्य की कामना की इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महावीर साहू, डोमू राम ध्रुव, बीरबल बघेल, रणजीत सिंह ध्रुव, टीकम सिंह मांझी, चित्रसेन पटेल, विष्णु कुमार सोम, नरोत्तम साहू, देवलाल बरिहा, अयोध्या राम टांडिया, देवशरण राम साहू, फूलचंद मरकाम के अलावा दिवंगत परिवारजन व छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे ।

## खबर संक्षेप

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम आमाकोनी में पुरानी रंजिश के चलते एक व्यक्ति के साथ मारपीट की घटना के मामले में खल्लारी थाने में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को चुम्मनलाल जगत निवासी आमाकोनी ने ताया कि हम लोगों की बाड़ी घुनेसर मोगरे की बाड़ी से लगी हुई है, जिसका तार घेरा हवा तूफान से गिर गया था। जिसके उसके पिता मनहरण लाल जगत द्वारा 18 अप्रैल को सुबह उठाकर फिर से घेरा कर रहे थे। तभी करीबन 6.30 बजे पड़ोसी व आरोपी घुनेसर मोंगरे पिता गगुराम मोंगरे (57 वर्ष) निवासी आमाकोनी पुरानी रंजिश को लेकर मेरे बाड़ी में क्यों आये हो कहकर गाली गलौज करते हुए हाथ में रखे डंडे से मारने के बाद पास में रखे कुल्हाड़ी से उसके पिता के सिर पर मार दिया और गले को भी दबा दिया, जिससे वे घायल हो गए। मामले की रिपोर्ट पर खल्लारी थाने में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### शहर में क्रिकेट समर कैंप का आयोजन, वन डे मैच भी होंगे

**महासमुंद।** टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी द्वारा विगत 10 अप्रैल से क्रिकेट समर कैंप का आयोजन किया गया है।

**समस्या : बिजली कटौती के कारण खेत सूखे, पेयजल व्यवस्था बिगड़ी, जनजीवन अस्त- व्यस्त**

# भीषण गर्मी में बिजली बनी मुसीबत, मैनपुर में 24 घंटे में 30 से अधिक बार कटौती, लो वोल्टेज से जनता बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में एक पखवाड़े से लो वोल्टेज और बिजली कटौती के चलते भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। 24 घंटे के भीतर 30 से 35 बार लगातार बिजली की आंख मिचौली जारी है, कभी कभी तो ग्रामीण क्षेत्रों में रात रातभर बिजली बंद हो जाने से नागरिकों का नींद पुरा नही हो पा रहा है, और इसका सेहत पर विपरित असर देखने को मिल रहा है, पिछले एक सप्ताह से मैनपुर क्षेत्र के लोग लगातार बिजली की लचर व्यवस्था से बेहद परेशान हो गये है, मंगलवार मैनपुर में तेज धुप और गर्मी के चलते 42 डिग्री तापमान के बावजूद दिन में लगभग 30 से 35 बार बिजली बंद हुई और बिजली एक घंटा के लिए भी ठहर नहीं पा रही है, लगातार बिजली बंद हो जाने से जन जीवन पूरी तरह अस्त व्यवस्त हो गया है, बिजली व्यवस्था में सुधार के बजाए व्यवस्था बिगडती जा रही है, समाचार लिखे जाने के दौरान भी देर शाम बिजली मैनपुर नगर सहित विकासखण्ड क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों में बंद है। लोग गर्मी उमश से कहरा उठे है ऊपर से बिजली कहर बरपा रही है। इस भीषण गर्मी में अब बगैर पंखा कूलर के रात में नींद नहीं आती लेकिन क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती के चलते पंखा, कूलर, ऐसी, फ्रिज नही चल पा रहे है विभाग द्वारा बार सिर्फ समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया जाता है लेकिन बिजली के मामले में ग्रामीणों को उनके हाल पर छोड दिया गया है।

- बिजली कटौती को लेकर होगा उग्र आंदोलन आज सौंपेंगे ज्ञापन



### रातभर बिजली बंद हो रही देखने वाला कोई नहीं : शोभाराम



गोपालपुर क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक शोभाराम ने बताया कि बिजली की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि मैनपुर क्षेत्र के ग्रामीण ईलाको मे शाम को बिजली बंद होने के बाद कोई सुधार करने वाला नहीं है और रातभर ग्रामीण अंधेरे में जीवन यापन कर रहे हैं बगैर बिजली के जंगली जानवरों का डर बना हुआ है। गर्मी के दिनों में जंगली जानवर प्यास बुझाने गांवों के नजदीक तक आ रहे हैं।

### पेयजल सप्लाई हो रही है बाधितः तिरनाथ



मैंनपुर नगर के वरिष्ठ नागरिक तिरनाथ नायक ने बताया मैनपुर क्षेत्र में दिन में 30 से 35 बार बिजली बंद हो रही है जिसके कारण नलजल योजना प्रभावित हो रहा है पानी टंकी में पानी ही नहीं भर पा रहा है। ऊपर से लोग गर्मी से बेहाल हो गए हैं।

### जल्द होगा सुधार

मैनपुर बिजली विभाग के अधिकारी संजीव बंजारे ने बताया कि मैनपुर इदागांव मुख्य लाइन में फाल्ट है पिछले चार पांच दिनों से लगातार बिजली विभाग के कर्मचारी फाल्ट ढुंढने में लगे हुए है, उन्होने बताया कि इंसुलेटर में कही खराबी है दो दिन स्थानों पर बदल चुके है जिसके कारण बिजली बार बार बंद हो रही है, जल्द व्यवस्था में सुधार होगी ।

### अफसर होंगे जिम्मेदार : गेंदू

ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेंदू यादव ने कहा



छत्तीसगढ़ राज्य सरप्लस बिजली वाला राज्य है यहां की बिजली को दूसरे प्रदेश को दिया जा रहा है लेकिन दूर्भाग्य देखिए मैनपुर क्षेत्र के 50 से 55 पारा टोला गांवों में आज तक बिजली नहीं लगी है और बिजली कटौती लो वोल्टेज से जनता परेशान हो गया है। श्री यादव ने कहा की यदि बिजली कटौती व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो कांग्रेस द्वारा किसानों व आमजनता के साथ बिजली कटौती को लेकर उग्र आंदोलन करेंगे जिसकी सारी जवाबदारी संबंधित अफसरों की होगी।

### बिजली की समस्या को लेकर आंदोलन करेंगेः ध्रुव



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर के अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा बिजली कटौती से जनजीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त हो गया है इस भीशण गर्मी में भी लगातार बिजली कटौती व्यवस्था मे सुधार नही हो पा रही है श्री ध्रुव ने कहा बिजली कटौती की समस्या को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी और क्षेत्र के किसानो द्वारा उग्र आंदोलन किया जायेगा जिसके लिए 23 अप्रैल को मैनपुर एसडीएम को ज्ञापन सौंपेंगे।

### फसल सूख रही है जिम्मेदार नहीं दे रहे हैं ध्यान, अन्नदाता हो रहे परेशानः थानू



मैनपुर क्षेत्र के वरिष्ठ किसान थानू राम पटेल ने बताया पिछले एक माह से लगातार बिजली कटौती से क्षेत्र की जनता बेहद परेशान हो गई है पिछले 15 दिनो से वोल्टेज इतना कम हो गया है कि खेतो मे ट्यूबवेल मोटर पंप नही चल पा रहे है अभी धान मक्का और दलहन तिलहन की फसल को पानी की जरूरत है पानी नही मिल पा रहा है।

# समर कैंप लगाने वाला आदेश निरस्त, बच्चों को मिली राहत



**राजिम।** अप्रेल जैसे महिने में विकराल गर्मी को देखते हुए शासन स्तर में निर्देश जारी हो गया है कि स्कूल अब नही लगेगी इससे बच्चो को राहत मिल गया है। मंगलवार को छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता रामनारायण मिश्र ने बताया कि संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर से मुलाकात कर ग्रीष्म अवकाश में भीषण गर्मी को देखते हुए जिले के स्कूलों में समर कैंप लगाने वाले आदेश को निरस्त करने की मांग की जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल ने तत्काल स्कूलों के समर कैंप लगाने वाले आदेश को निरस्त कर दिया जिस पर संगठन के पदाधिकारी ने आभार व्यक्त किया है। आभार व्यक्त करने वालों में संगठन मंत्री सुनील नायक, जिला अध्यक्ष मनीष देवांगन, सचिव राजेश जैन, मोहित वर्मा, संभागीय अध्यक्ष रामनारायण मिश्र, सचिव ओंकार वर्मा, नरेंद्र सिंह ठाकुर, बलराम यादव, नंदू निषाद , लक्ष्मी राव, इंद्रमण साहू, भारतीय पचौरी, गायत्री ठाकुर, गिरधर साहू, रामलाल साहू, नीलकंठ वर्मा, रमाकांत यादव, अतुल मिश्र, हरीश रघुवंशी शामिल है। संघ के प्रवक्ता रामनारायण मिश्रा ने यह भी बताया कि गरियाबंद के जिला शिक्षा अधिकारी से भी ग्रीष्म अवकाश में स्कूलों में समर कैंप वाले आदेश को निरस्त करने के लिए फोन से सार्थक चर्चा हो चुकी है जिला शिक्षा अधिकारी ने भी शीघ्र ही समर कैंप वाले आदेश को निरस्त करने की बात कही है।

# राजिम के अंकित का यूपीएससी परीक्षा में इंडिया लेवल में 273 रेंक



**राजिम।** छत्तीसगढ़ के प्रयागराज राजिम निवासी पूर्व राजपात्रिक अधिकारीमुरली मनोहर थवानी, कमला थवानी पूर्व पार्षद के सुपुत्र एवं इंजीनियर राहुल थवानी और इंजीनियर हिमालय थवानी के छोटे भाई अंकित थवानी ने यूपीएससी परीक्षा में इंडिया लेवल में 273 रेंक एवं छत्तीसगढ़ लेवल में तीसरे स्थान पर सफलता प्राप्त कर नगर एवं सिंध समाज का नाम रोशन किया है। श्री पूज्य सिंध पंचायत नवापारा-राजिम के सभी सदस्यों ने अंकित थवानी को शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया हैं। बता दें कि अंकित थवानी नवापारा राजिम क्षेत्र का पहला प्रतिभावान छात्र है जिन्होने यूपीएससी में सफल हो कर समाज एवं नगर को गौरवान्वित किया है। सिंध समाज के वरिष्ठ मुरली मनोहर थवानी एवं कमला थवानी ने अपने तीनो बच्चो को उच्च शिक्षा देकर शहर के समाज वालो को शिक्षा के लिए अच्छा संदेश दिया है चूंकि इस समाज के लोग ज्यादातर व्यापार में ध्यान देते है। व्यापार भी एक अच्छी चीज है परंतु उच्च शिक्षित लोगो के लिए ऊपर तक जाने की संभावनाएं बनी रहती है। छात्र अंकित को बधाई देने वालो में विधायक रोहित साहू,राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू,पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय,नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव,पूर्व अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर,राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू,हरिभूमि के ब्यूरोचीफ श्यामकिशोर शर्मा,सेवानिवृत्त रेंज ऑफिसर लखन लाल सिन्हा,ज्ञानचंद लालवानी, अनिल जगवानी,नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी सहित बड़ी संख्या में समाज एवं शहर के लोग शामिल है।

# नव पीढ़ी के निर्माण में शिक्षकों का योगदान अमूल्यः भुवनेश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

परसदाकला संकुल केन्द्र मे गनियारी के प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षक भुनेश्वर साहू को सेवानिवृत होने भावभीनी बिदाई देते हुए शाल श्रीफल, मोमेन्टो भेंटकर सम्मान दी गई।

कार्यक्रम को मुख्यअतिथि के आसंदी भुनेश्वर साहू ने कहा कि एक शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता जो अपने जीवन पर्यन्त तक कुछ न कुछ सिखने सिखाने के कार्य में लगा रहता है। एक शिक्षक की तुलना एक कुम्भकार से की जाती है जो गिली मिट्टी को नव आकृति प्रदान कर अलग–अलग रूपों में नव सृजित कर बहु उपयोगी बनाने में अपनी अहं भूमिका निभाते हैं। वैसे ही एक प्राथमिक स्तर के शिक्षक बच्चों के बीच रहकर उन्हें हाथ पकड़–पकड़कर अर्थात क, ख, ग से लेकर बोलना, पढ़ना, लिखना सिखाते शिल्पकार की तरह तराशने का काम करते हैं जो समाज के बीच रहकर प्रेरणा देने का काम करते हैं।

मुख्य अतिथि धुरव सर ने आगे ने कहा कि प्राथमिक स्तर के बच्चे गिली मिट्टी की तरह होते हैं जिन्हें अ, आ, इ, ई से लेकर अनेक विधाओं में निखारना पढ़ता है जो काफी मुश्किल होने के साथ बच्चों के साथ बच्चा बनकर उसी के अनूरूप ढलना पड़ता है। ऐसे समय में हर शिक्षक को जिसके लिए बेसिक ज्ञान बहुत ही जरूरी होता है। माता–पिता के बाद दूसरा विद्यालय में पढ़ाने वाले गुरु को सृजनकर्ता के रूप में देखा जाता हैं। जो शून्य से अनंत तक पहुंचाने का काम करते हैं।गिरवर यादव ने कहा कि धुरव सर अपने शिक्षकीय जीवन में महत्वपूर्ण 41 वर्ष पूर्ण करते हुए निस्वार्थ भाव से सेवा दिया है। इस बीच उनका व्यवहार हम सभी के लिए काफी प्रेरणादाई रहा।



### शॉल, श्रीफल व मोमेन्टो भेंटकर किया सम्मानित

संकुल स्तरीय विदाई सम्मान के अवसर पर कार्यक्रम के शुभांरभ मे सेवानिवृत्त शिक्षक भुनेश्वर ध्रुरव के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि भुनेश्वर ध्रुव, अध्यक्षता संकुल प्राचार्य नारायण सिंह ठाकुर, विशिष्ट अतिथि के आसंदी पर टोकेश साहू संकुल समन्वयक, गिरवर यादव व्याख्याता थे। संकुल परिवार की ओर से फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं पर शाल श्रीफल मोमेन्टो भेंटकर उनको सम्मानित किया गया। आभार यवन साहू संचालन जागेश्वर कंवर प्रधानपाठक खुडसा ने किया। इस अवसर पर घनश्याम बघेल प्रधानपाठक पतोरा, अमर सिंह ध्रुव प्रधानपाठक कमारपारा गनियारी, राकेश कुमार पाण्डेय प्रधानपाठक परसदाकला, शिक्षक विकास यद्धु, परमेश्वर यादव, नकुल नाथ योगी, शंभू यादव, धनसाय पटेल, थानू राम निषाद, डोगेन्द्र पांडे, प्रखर सिंह ध्रुव, ओमप्रकाश साहू, हेमप्रभा साहू थनेश्वरी साहू, सरिता देवांगन, कामना दास की उपस्थिति रही।

# मोर दुआर साय सरकार महाभियान जनप्रतिनिधियों ने किया का सर्वेक्षण



**राजिम।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से मोर दुआर साय सरकार अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत जनप्रतिनिधियों द्वारा आवास सर्वेक्षण को शत प्रतिशत पूर्ण कराने के लिए पात्र हितग्राहियों के सर्वे का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आज मोर दुआर साय सरकार महाअभियान के तहत ग्राम श्यामनगर में फिंगेश्वर जनपद अध्यक्ष इन्द्राणी साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने सर्वेक्षण कर ऑनलाइन जानकारी मोबाइल पर अपडेट किया। इस दौरान अशोक यादव व हीराधर निषाद सहित पात्र हितग्राहियों के पक्के मकान का सपना साकार करने अपना नाम भविष्य में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अन्तर्गत आवास लाभ प्राप्त करने के लिये दर्ज कराया। सर्वे में नाम शामिल होने पर इनके द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई। सभी पात्र परिवारों को 30 अप्रैल 2025 के पूर्व अपना नाम सर्वे में शामिल कराने के लिये अवगत कराया जा रहा है। इस दौरान भाजपा नेता नेहरू साहू, युवा नेता डायमंड साहू,सरपंच सुलोचना निर्मलकर,उपसरपंच वामन निर्मलकर, पंचगण दमयंतीन वर्मा,यामिनी वर्मा,रामेस्वरी बाई वर्मा,लक्ष्मी बाई सेन,गदौरी बाई साहु,पूनम साहु,श्यामबाई ध्रुव,सचिव सुरेंद्र साहू,आवास मित्र गिरधारी साहू,रोजगार सहायक घनश्याम साहू,दुष्यंत वर्मा,संतोष साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

जिसमें पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, ग्राम पंचायत श्याम नगर के समस्त पंच ,सरपंच ,रोजगार सहायक एवं सचिव ऑपरेटर उपस्थित थे।

# सीएम निवास के घेराव में नवापारा से सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए

नवापारा-राजिम। राजधानी रायपुर में धरना प्रदर्शन एवं सीएम निवास के घेराव में पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू के नेतृत्व में अभनपुर विधानसभा के सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता रायपुर पहुंचे। जिसमें विशेष रूप से पालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी ,बलविंदर गांधी, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग,जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू, नगर पालिका परिषद के नेता प्रतिपक्ष संध्या राव, ब्लाक कांग्रेस कमेटी नवापारा के अध्यक्ष सौरभ शर्मा,सभापति रमेश तिवारी, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव रामा यादव,निर्माण यादव,ब्लाक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण के अध्यक्ष गिरधारी साहू ,विद्याभूषण सोनवानी अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी अभनपुर,डामन साहू उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी,,अरुणा शुक्ला पूर्व जिला पंचायत सदस्य,चतुर जगत पूर्व उपाध्यक्ष,रानू राठी पार्षद,विरेंद सिन्हा पार्षद डोमेंद्र साहु पार्षद, टिकेश्वर गिलहरे पार्षद, हिम्मत सिंह पार्षद, रवि साहू पार्षद शशि प्रकाश साहू सरपंच, दिलीप बंजारे जनपद सदस्य,रामेश्वर निषाद जनपद सदस्य,पप्पू ध्रुव पूर्व सरपंच,लाल जी साहू,नंदकुमार साहू,दिनेश साहू,संदीप दीवान,रवि साहू,मुकेश साहू सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# नगर के लिकेश ने बढ़ाया मान



**छुरा।** नगर के लिकेश सिन्हा अपने एकेडमिक उत्कृष्टता, अनुशासन और अथक परिश्रम से समुचित देश का गौरव बढ़ाया है । प्राथमिक छुरा में शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात उन्होंने ऑल इंडिया परीक्षा सैनिक स्कूल प्रवेश के लिए दिलाया और चयनित होकर कक्षा छठवीं से 12वीं तक अंबिकापुर सैनिक स्कूल में पढ़ाई की जहां उन्होंने अनुशासित जीवन शैली और आत्मनिर्भरता के गुण अर्जित की लिकेश के शैक्षणिक यात्रा यही नहीं थमी उन्हें गुजरात स्थित विश्वविद्यालय बड़ोदरा से बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन बीबीए उपाधि प्राप्त की। तत्पश्चात उन्होंने देश की सबसे चुनौती पूर्ण प्रतियोगिता परीक्षा में से एक कॉमन एडमिशन टेस्ट (कैट) में सम्मिलित होकर 99 अंक प्राप्त किया। इस उपलब्धि के फल स्वरुप उन्होंने देश के प्रमुख 20 भारतीय प्रबंधन संस्थानों (आईआईएम) में साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया गया। वर्तमान में हिंदुस्तान यूनिलीवर कंपनी में इंटर्नशिप कर रहा है। लिकेश की सफलता पर उनके माता-पिता चंद्रवती सिंहा, यशवंत सिन्हा ,कृष्ण कुमार साहू, गुरूजन, शीतल ध्रुव समाजसेवी, नगरवासी ने उज्जवल भविष्य की कामना की है।

**सजी-धजी बारातें और उत्सव में शामिल ग्रामीणों की खुशी झलक रही**

# गर्मी के बीच जिले में शहनाइयों की गूंज, परंपराओं की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

अप्रैल की तपती गर्मी के बीच भी जिले में शादियों की रौनक चरम पर है। खरमास खत्म होते ही 14 अप्रैल से शुरू हुए शुभ विवाह मुहूर्तों में गांव-देहात और कस्बों में शहनाइयों की गूंज सुनाई देने लगी है।

पंडितों के अनुसार अप्रैल 2025 में 14, 16, 18, 19, 20, 21, 25, 29 और 30 तारीख को विवाह के लिए शुभ योग हैं। इन खास तिथियों में गरियाबंद जिले के अलग-अलग इलाकों में बड़ी संख्या में शादी समारोह आयोजित हो रहे हैं।

हरिभूमि ने जिले के अलग-अलग हिस्सों में हो रही शादियों की खास तस्वीरें अपने कैमरे में कैद की हैं। इशू तारक के घर में इन तस्वीरों में पारंपरिक वेशभूषा में दूल्हा-दुल्हन, मंडप में चल रहे वैदिक मंत्रोच्चार, सजी-धजी बारातें और उत्सव में शामिल ग्रामीणों की खुशी साफ झलक रही है। गांवों में अब भी रीति-रिवाजों की अहम भूमिका है। शादी से पहले हल्दी, माई-मटकोरा, चूड़ी पहनाने और साजा सजाने जैसी परंपराएं पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ निभाई जा रही हैं। नगाड़ा, मांदर और डीजे की धून पर युवाओं की टोली बारात को लेकर गाजे-बाजे के साथ विवाह स्थल पहुंच रही है।



### बाजारों में दिख रही रौनकता

गरियाबंद, मैनपुर, फिंगेश्वर, देवभोग और छुरा के बाजारों में शादी-ब्याह से जुड़ी तैयारियों के चलते भारी भीड़ देखी जा रही है। कपड़े, आभूषण, सजावटी सामग्री, मिठाई और किराना दुकानों में ग्राहकों की लंबी कतारें नजर आ रही हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी अपनी जगह है, लेकिन जब शादी का शुभ समय आता है तो पूरा परिवार एकजुट होकर इस पर्व को मनाता है। रीति-रिवाजों के बीच रिश्तों की मिठास और सामाजिक जुड़ाव की खूबसूरत तस्वीर सामने आती है।
हरिभूमि की टीम ने जिलेभर की शादियों में शामिल होकर संस्कृति और परंपरा की इस जमीनी झलक को अपने कैमरे में संजोया है।



